सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-626
22/12/2017

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से की मुलाकात

पटना, 22 दिसम्बर 2017 :– पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने आज 1 अणे मार्ग में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कैप्टन अमरिन्दर सिंह को फुलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री पटना पधारे हैं। मुलाकात के क्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के भव्य आयोजन के लिये हुयी तैयारियों के लिये धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टर अमरिन्दर सिंह को प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट किया।

इस अवसर पर पंजाब के विधायक श्री राणा गुरमित सिंह शोडी, पंजाब के पूर्व विधायक श्री केवल सिंह ढिल्लो, पंजाब के मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री बी0आई0एस0 चाहल, पंजाब सरकार के उद्योग निदेशक श्री डी0पी0एस0 खरबंदा, पंजाब के मुख्यमंत्री के नाती श्री निर्वाण के साथ–साथ बिहार के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******